# स्वास्थ्य मिशन की टीम ने लिया कुपोषित क्षेत्र का जायजा

## कुपोषण प्रभावित बच्चों के परिजनों से की मुलाकात, फील्ड स्टाफ से ली जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना 29 अप्रैल. जिले के चित्रकूट क्षेत्र अंतर्गत मझगवां ब्लॉक के तराई क्षेत्र में गंभीर कुपोषण के चलते हाल ही में 2 बच्चों की मौत हो जाने और 2 बच्चों के गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रीवा में उपचाररत होने के मामले को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को न सिर्फ क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, बल्कि स्थानीय स्तर के फील्ड स्टॉफ से चर्चा कर जमीनी हकीकत को समझने का प्रयाया किया.**





यह बात और कि स्थानीय आम जन की आकांक्षाओं पर स्वास्थ्य मिशन की टीम का यह दौरा खरा नहीं उतरा. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य स्तरीय टीम बुधवार को भोपाल से सतना पहुंची और चित्रकूट के लिए रवाना हो गई. चित्रकूट के मझगवां ब्लॉक पहुंचने पर यह टीम 2 हिस्सों ममें बंट गई. जिसमें से एक टीम ने उप निदेशक स्वास्थ्य भोपाल राजेश भौरे के नेतृत्व में पथरा पालदेव का रुख किया. वहीं दूसरी टीम उप निदेशक बाल्य स्वास्थ्य भोपाल हिमाली यादव के नेतृत्व में मतहैन की ओर निकल गई. स्वास्थ्य मिशन की दोनों टीम ने अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए कुपोषण प्रभावित बच्चों के परिजनों से भेंट की. इस दौरान ग्रामीणों को संस्थागत प्रसव सहित जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की नसीहत भी दी गई. इसके साथ ही फील्ड में पदस्थ रहने वाले स्टॉफ आंगनबाड़ी और ऊषा-आशा कार्यकर्त्ताओं की सहायता लेने के लिए भी कहा गया. इसके अलावा ग्रामीणों से यह भी कहा गया कि स्वास्थ्य गड़बड़ होने पर किसी झोलाछाप चिकित्सक से दवा कराने के बजाए सीधे स्वास्थ्य केंद्र जाएं. इसी कड़ी में टीम कैमहा गांव में पहुंची. जहां के एक आदिवासी परिवार की 11 माह की बच्ची की कुछ दिनों पहले ही मौत हो गई थी.

इसी कड़ी में टीम ने सुरंगी पहुंचकर कपोषण से मृत बच्ची प्रियांशी के परिजनों से भी मुलाकात की. कुपोषण प्रभावित बच्चों के परिजनों से भेंट करने के साथ ही स्वास्थ्य मिशन की टीम ने फील्ड स्टॉफ को भी तलब किया. जिनसे बारी-बारी से चर्चा करते हुए कार्य की सजगता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

### सुविधाविहीन हैं आंगनबाड़ी

पाथरा पालदेव निवासी द्वारिका प्रसाद आरख ने जब स्वास्थ्य मिशन की टीम को क्षेत्र में भ्रमण करते हुए देखा तो बेहतर व्यवस्थाओं की उम्मीद में आधारभूत समस्यायों को उनके सामने रखने में जरा भी देर नहीं लगाई. द्वारिका ने उप निदेशक को जानकारी देते हुए बताया कि पथरा और सुरंगी दोनों ही गांव में जो आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल और शौचालय जैसी आधारभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है. कार्यकर्त्ता अपने स्तर पर टंकी में पानी भरती हैं, जो बच्चों को पिलाया जाता है. वहीं शौच के लिए बच्चों को दूर ले जाना पड़ता है. यह समस्या को जिम्मेदारों के समक्ष कई बार उठाया गया. लेकिन व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका.

### घरों में होता है प्रसव

द्वारिका ने स्वास्थ्य टीम को जानकारी देते हुए आगे बताया गया संस्थागत प्रसव का मामला यहां पर केवल कागजों में ही नजर आता है. वास्तविकता यह है कि काफी संख्या में प्रसव घरों में ही जो जाते हैं. इतना ही नहीं बल्कि घर में प्रसव के चलते कई लोगों की मौत तक हो जाती है. इस गंभीर समस्या के बावजूद भी यहां पर प्रसव के लिए एक हास्पिटल तक नहीं खोला गया है. आलम यह है कि यहां पर कोई एंबुलेंस कभी समय पर नहीं पहुंच पाती है. स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र की आधारभूत समस्यायों को गौर से सुना तो जरुर लेकिन जब ग्रामीणों ने व्यवस्था में सुधार की अपेक्षा करनी शुरु की तो टीम ने गेंद को क्षेत्र के एसडीएम के पाले में डालते हुए किनारा कर लिया.

# शातिर चोर टेबलेट के साथ गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. ट्रेनों में यात्रियों का कीमती सामान पलक झपकते ही पार कर देने वाले एक शातिर चोर को जीआरपी ने दबोच लिया. जिसके पास से 60 हजार रु का एक टेबलेट बरामद किया गया.**

जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल यात्री कुलदीप कुमार कोल द्वारा इस बात की शिकायत की गई थी कि ट्रेन में यात्रा के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका सैमसंग कंपनी का टेबलेट चुरा लिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया. मुखबिर के जरिए मिली सटीक सूचना के आधार पर जब जीआरपी की टीम ने घेराबंदी की तो आरोपी उनकी पकड़ में आ गया. पकड़े गए आरोपी की पहचान अरुण चौधरी पिता दुकौड़ी निवासी बकिया खुर्द के तौर पर हुई. आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया टेबलेट बरामद कर लिया गया. जिसकी कीमत 60 हजार रु आंकी गई. इसी कड़ी में यह जानकारी भी सामने आई कि आरोपी न सिर्फ कुख्यात अपराधी है बल्कि वह अक्सर ट्रेन में यात्रियों का सामान पार कर देने में माहिर है. जिसे देखते को आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

### हरिद्वार- ऋषिकेश के लिए आवेदन 3 मई तक

**सतना.** जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 11 मई 2026 से 14 मई 2026 तक हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थदर्शन की यात्रा प्रस्तावित है। यह यात्रा 11 मई को प्रस्थान कर 14 को वापस लौटेगी। तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 3 मई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्रों का परीक्षण 4 मई को सायं 4 बजे तक किया जायेगा।



# सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय ही मूल भाव : भैयाजी

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. प्रख्यात विचारक एवं समाजसेवी भैयाजी जोशी ने बुधवार को प्रमुख जन गोष्ठी में सरस्वती विद्यापीठ उतैली में अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की आत्मा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत में निहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज की पहचान उसके उच्च नैतिक मूल्यों, समरसता और मानवता की भावना से होती है, जिसे बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।**

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती हैं, लेकिन जीवन के मूल मूल्य जैसे सत्य, समरसता, विश्वास और कर्तव्यनिष्ठा कभी नहीं बदलने चाहिए। यदि समाज इन मूल्यों से दूर होता है, तो असंतुलन और असुरक्षा की भावना बढ़ती है। भैयाजी जोशी ने कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की क्षमता रखता है, लेकिन इसके लिए समाज को अपने कर्तव्यों का पालन करना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि परिवार और समाज में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समाज में कई सामाजिक कुरीतियाँ और असमानताएँ देखने को मिलती हैं, जिन्हें समाप्त करने के लिए जागरूकता और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। संविधान और कानून सभी को समान अधिकार देते हैं, लेकिन समाज में समानता और सम्मान का भाव भी उतना ही जरूरी है।

### समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

अपने विचारों में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत की संस्कृति हमेशा से मानव कल्याण और प्रकृति संरक्षण की पक्षधर रही है। इसलिए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों को समझे और समाज के हित में कार्य करे, तो भारत न केवल एक सशक्त राष्ट्र बनेगा, बल्कि विश्व के लिए मार्गदर्शक भी सिद्ध होगा। प्रमुख रूप से कार्यक्रम में शिक्षा समूह के प्राध्यापक शिक्षक शिक्षिकाओ सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



# रामपुर थाना का निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. बुधवार की रात्रि रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत चौहान रामपुर बाघेलान थाना का औचक निरीक्षण करने पहुंचे,डीआईजी श्री चौहान ने मालखाना व अन्य जगहों का मुआयना का रिकॉर्ड के बेहतर संधारण, साफ-सफाई सही रखने के निर्देश दिए।**

डीआईजी श्री चौहान ने ष्टरू हेल्पलाइन की शिकायतो एंव आईजी रीवा गौरव राजपूत की पहल पर शुरू हुए जन-चौपाल,आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम में आए शिकायतो को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी व थाना स्टॉप को दिए।

# छात्रावास में फंदे पर लटकी मिली विजन तकनीशियन की छात्रा

## चित्रकूट के जानकीकुंड क्षेत्र में स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय परिसर की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. जिले के चित्रकूट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के हास्टल में बुधवार सुबह विजन टेक्नीशियन ( वीटी ) की छात्रा कीर्ति तिवारी ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही हास्टल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर जांच की।**

रीवा जिले के थाना डभौरा अंतर्गत कस्बा निवासी 20 वर्षीय कीर्ति तिवारी इसी वर्ष संस्थान में दाखिल हुई थी और प्रथम सत्र की परीक्षाएं चल रही थीं। वह तीसरी मंजिल के कमरा नंबर-13 में अन्य छात्राओं के साथ रहती थी। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब सभी छात्राएं परीक्षा देने जा रही थीं, तब कीर्ति ने सिरदर्द का हवाला देकर कमरे में ही रुकने की बात कही। करीब नौ बजे परीक्षा शुरू होने पर उसकी अनुपस्थिति पर शिक्षिका ने जानकारी ली, जिसके बाद हास्टल वार्डन को उसे बुलाने भेजा गया। जब वार्डन कमरे में पहुंची तो कीर्ति दुपट्टे से पंखे में फंदा लगाकर लटकी मिली। नयागांव थाना प्रभारी गिरजाशंकर बाजपेयी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे की तलाशी में दवाइयों और पर्चों से पता चला कि वह माइग्रेन की बीमारी से पीड़ित थी।

### माता -पिता का हो चुका है निधन

सहेलियों के अनुसार वह अक्सर सिरदर्द से परेशान रहती थी। ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि बचपन में माता-पिता के निधन के बाद उसका पालन नाना नानी ने किया था। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि छात्रा मूल रुप से चित्रकूट के हन्ना बिनैका की निवासी थी। बचपन में ही इसके माता पिता का निधन हो गया तो डभौरा में रहने वाले इसके नाना नानी ने अपने पास रखकर पढ़ाई कराई।

# सड़क छोड़ खेत में जा पलटी बोलेरो

▸ 10 बाराती घायल, 3 की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. जिले के रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत बकिया गांव के पास बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया। बारात से लौट रही एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई।**



इस दुर्घटना में करीब 10 बाराती घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के निमिहा गांव से बारात रीवा जिले के कुठूलिया गई थी। वापसी के दौरान बकिया गांव के पास यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन अचानक असंतुलित होकर खेत में पलट गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को वाहन से बाहर निकाला। उन्होंने तुरंत पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर किया गया। वहां 3 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। बाकी घायलों का उपचार स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

### झपकी आने की आशंका

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन पर से नियंत्रण बिगड़ गया और हादसा हो गया। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को खेत से बाहर निकालने का प्रयास भी जारी है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला वेण्डर का शव

▸ रेल परिसर में पुराने इंडियन ऑयल डिपो क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 29 अप्रैल. रेल परिसर में पुराने इंडियन ऑयल डिपो क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका पाए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई. जीरआरपी और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की. वहीं मामले की विवेचना करते हुए घटना से जुड़े कारणों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है.**



जीआरपी उप थाना प्रभारी राजेश राज को बुधवार की सुबह को इस बात की सूचना मिली कि पुराने इंडियन ऑयल डिपो परिसर में एक व्यक्ति पेड़ पर फंदे से लटका हुआ है. मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद फौरन ही मामले की सूचना फोरेंसिक टीम को दी गई. फोरेंसिक टीम और जीआरपी स्टॉफ द्वारा घटनास्थल और आस पास के क्षेत्र का बारीकी से मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया. वहीं जीआरपी द्वारा शुरु की गई पूछताछ में मृतक की पहचान संजय चौहान पिता उजागर लाल चौहान उम्र 28 वर्ष निवासी रामनगर पन्ना के तौर पर हुई. इसी कड़ी में यह जानकारी भी सामने आई कि मृतक सतना रेलवे स्टेशन पर वेण्डर का कार्य करता था. मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना देते हुए घटना के बारे में बताया गया.

जीआरपी प्रभारी के अनुसार हलांकि विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही मौत का कारण सामने आ सकेगा. लेकिन प्रथम दृष्टया की गई जांच में मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का मालुम दे रहा है. जिसे देखते हुए जीआरपी द्वारा परिजनों सहित रेलवे स्टेशन के अन्य वेण्डरों से पूछताछ करते हुए घटना के पीछे के कारणों को जानने का प्रयास किया जा रहा है.

# अघोषित कटौती बंद हो : संदीप कुमार जैन

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. 44 डिग्री तापमान वाली इस भीषण गर्मी मे बिजली विभाग द्वारा की जा रही अघोषित कटौती से आम जन को बेहद मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।**



विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बिजली विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुवे बताया की हर वर्ष गर्मियों के पहले महीनो मेंटिनेंस के नाम पर बिजली बंद रखी जाती है और राजस्व की धुँआधार आदायगी के बाद भी बिजली विभाग सतना मे उपयोग की जाने वाली बिजली का अनुमान नही लगा पाता है? जिससे लाइन ट्रिप होती रहती है। वर्तमान मे एक और समस्या जिसके कारण लोगों का जीना दुस्वार हो रखा है, बिजली जाने की शिकायत ऑनलाइन करने का प्रावधान है और शिकायत के पश्चात् 12-12 घंटे तक कोई रिस्पॉन्स नही मिलता। इस जानलेवा गर्मी मे बिना पंखा - कूलर के लोगों को कितनी परेशानी का सामना करना प?ता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

श्री जैन ने अघोषित कटौती को तत्काल बंद करने एवं लाइन सुधार ( शिकायत ) पर त्वरित कार्यवाही हेतु स्टाफ की ब?ोतरी की मांग की है।

# एकेएस विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर संगोष्ठी



नवभारत न्यूज

**सतना,29 अप्रैल. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 27 अप्रैल 2026 को साइबर सुरक्षा- डिजिटल युग में सुरक्षित रहना विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।**

मुख्य वक्ता साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ श्री सिद्धार्थ कपूर ने साइबर खतरों, डेटा सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों पर उपयोगी जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रो-चांसलर इंजीनियरिंग श्री अनंत कुमार सोनी सहित डॉ. अखिलेश ए. वाऊ, डॉ. प्रमोद सिंह और डॉ. चंद्रशेखर गौतम ने भी साइबर सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन विनय कुमार द्विवेदी ने किया। डिप्लोमा, बी.टेक, बीसीए और एमसीए के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। अंत में डॉ. चंद्रशेखर गौतम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नगर निगम ने सामूहिक विवाह के लिए 105 जोड़ों को पंजीकृत किया

▸ महापौर ने दी व्यवस्था की जानकारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 29 अप्रैल. मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए शहरी क्षेत्र के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली कन्यों के सामूहिक रूप से विवाह करने के लिए नगर निगम प्रशासन इस वर्ष 105 बेटियों को पंजीकृत किया है.**

यह जानकारी महापौर योगेश ताम्रकार और परिषद् अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी.नगर निगम के सभागृह में आयोजित वार्ता में महापौर श्री ताम्रकार ने बताया कि गत वर्ष निगम प्रशासन ने 195 बेटियों के हाथ पीले किए थे.इस बार राज्य सरकार ने योजना की शर्तों में बी पी एल के हितग्राहियों का होना अनिवार्य कर दिया है,इससे पंजीयन में अन्तर आ गया है.उन्होने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत 148 बेटियों के विवाह के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे.जांच के बाद 105 पात्र पाए गए.योजना की जानकारी देते हुए उन्होने बताया कि इस बार एक मई को विवाह की तिथि तय की गई है.सभी बेटियों की बारात एक साथ व्यक्टेश मंदिर शुरू होगी.दुल्हों के लिए इ रिक्सा की व्यवस्था की गई है.महापौर ने बताया कि इस योजना के तहत सरकार प्रति जोडा 55 हजार रूपए की राशि स्वीकृत करती है.जिसमें से 49 हजार की राशि सीधे बेटी के खाते में अन्तरित की जाती है.शेष 6 हजार में नगर निगम को आयोजन की तैयारियों के लिए दी जाती है.उन्होने बताया कि इस बार नगर निगम ने सभी बारात के बारातियों को पन्द्रह भोजन के पैकेट देने का निर्णय लिया गया है.जबकि शासन की ओर से सिर्फ पांच लोगों को भोजन देने का निर्देश है.श्री ताम्रकार ने बताया कि इस बार सभी बेटियों के लिए अलग-अलग यज्ञ वेदी बनाई गई है.विवाह के आयोजन से जुडे निगम कर्मचारी व अन्य के लिए परम्परागत वेशभूष तय की गई है.महिलाएं लाल,पीली साडियों में व पुरूष धोती कुर्ता में सहयोग के लिए उपलब्ध रहेगे.



## एक नजर में



### संजय तीर्थवानी की नियुक्ति से खुशी की लहर

**सतना।** राज्य शासन ने विंध्य क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए संजय तीर्थवानी को विंध्य विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त करने से क्षेत्र के विकास, योजनाओं की गति और नई दिशा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है संजय तीर्थवानी का सामाजिक और राजनीतिक जीवन संघर्ष, सेवा और संगठनात्मक अनुभव से भरपूर रहा है भाजपा और विभिन्न संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को समझा और समाधान के लिए कार्य किया।

### राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने मुनींद्र




**सतना।** मैहर में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ को नया नेतृत्व प्राप्त हुआ है। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुनींद्र कुमार शुक्ला को संघ का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। श्री शुक्ला वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, घुनवारा (मैहर) में उच्च माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व उनके दीर्घ अनुभव, कार्यकुशलता, दृढ़ नेतृत्व क्षमता तथा उत्कृष्ट टीम भावना के आधार पर सौंपा गया है।

### प्रशासन की सख्ती से नाबालिग का विवाह टला

**सतना,** मैहर के रामगढ़ गांव में 15 साल की नाबालिग लड़की की शादी की सूचना पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर विवाह रुकवाया।लड़की के माता-पिता का निधन हो चुका है और उसकी देखभाल दादी कर रही थीं, जिन्होंने उम्र का हवाला देकर शादी कराने की कोशिश की थी।